भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.10.2023

आरेडिका में मनायी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 02.10.2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 154वीं जयंती के अवसर पर "स्वच्छता पखवाड़ा" के अन्तर्गत साफ–सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा "माल्यार्पण" के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नही थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी साथ ही उन्होंने कहा कि बापू के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए। हमें आपे आस–पास के वातावरण को साफ–सुथरा रखना चाहिए जिससे एक सकारात्मक परिवेश का निर्माण होता है।

आरेडिका में "स्वच्छ भारत मिशन" को सफल बनाने के लिए स्वच्छता हेतु सघन अभियान चलाया गया जिससे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं आरेडिका को प्रदूषण मुक्त किया जा सके।

इसी कड़ी में उत्तर रेलवे स्काउट एवं गाइड आरेडिका के बच्चों ने स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता रैली, नुक्कड नाटक, सर्वधर्म प्रार्थना सभा, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान आरेडिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

03/10/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी